UPDCC
**Uttarakhand Project Development And Construction Corporation Ltd.**
उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड
**Damuadhunga, Kathgodam (Nainital)**
दमुवाढुंगा, काठगोदाम (नैनीताल)

पत्रांकः— 25/प0प्र0 (ए—2)/पी0आई0यू0जे0/नीलामी/2025—26 दिनांकः— 15/04/2025

सेवा में,

**प्रबन्धक मीडिया गुरू,**
नियर—गल्ला मण्डी गेट, सुभाष कॉलोनी,
रूद्रपुर, उधमसिंह नगर।

**विषयः— अति अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन नीलामी सूचना को 2 राष्ट्रीय समाचार पत्रों के कुमाऊ संस्करण में शासकीय दरों पर न्यूनतम साईज में प्रकाशित करवाते हुए सम्बन्धित समाचार पत्रों की एक—एक प्रति तथा बीजक (02 प्रतियों में) भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः— अति अल्पकालीन नीलामी सूचना।**

15.4.25
**परियोजना प्रबन्धक (ए—2)**

**पत्रांकः— /प0प्र0 (ए—2)/पी0आई0यू0जे0/नीलामी/2025—26/दिनांक—15/04/2025।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को नीलामी सूचना की एक प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषितः—

1. महाप्रबन्धक, पी0आई0यू0 जमरानी, हल्द्वानी।
2. उपमहाप्रबन्धक—03, पी0आई0यू0 जमरानी, हल्द्वानी।
3. परियोजना प्रबन्धक सी0सी0सी0 को इस अनुरोध साथ के प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त सूचना को वैबसाईट पर प्रकाशन कराने का कष्ट करें।
4. नोटिस बोर्ड।

**परियोजना प्रबन्धक (ए—2)**

*Office Address: Office of Project Manager (A2), Jamrani Drinking Water Multipurpose Project, PIU Jamrani (UPDCC), Jamrani Colony, Damuadhunga, Haldwani, 263139, Website: www.jamranidam.com, E-mail: pma2piuj@gmail.com,*

UPDCC
Uttarakhand Project Development And Construction Corporation Ltd.
उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड
Damuadhunga, Kathgodam (Nainital)
दमुवाढुंगा, काठगोदाम (नैनीताल)

पत्रांकः 24/प0प्र0 (ए–2)/पी0आई0यू0जे0/2025–26 दिनांकः 15.04.2025

## अति अल्पकालीन नीलामी सूचना

जनपद नैनीताल के हल्द्वानी विकास खण्ड के अर्न्तगत जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के कमांड क्षेत्र की एक मुख्य नहर– हरिपुरा फीडर (मोटाहल्दू से हरिपुरा जलाशय की ओर) निर्माणाधीन है, के पुनर्निर्माण के दौरान निकलने वाली उत्खनित सामग्री (Excavated / Backfilling Material) की फेज–1 की नीलामी हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से आवेदन दिनांक 22.04.2025 की अपरान्ह 2.30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। नीलामी संबंधी बोलियां उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे से बोलीदाताओं द्वारा नीलामी समिति के समक्ष रखी जाएँगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नानुसार है–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा (लगभग, घन मीटर में) | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि | नीलामी दस्तावेज का शुल्क 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित (रु0 में) | जमानत धनराशि (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद नैनीताल के हल्द्वानी विकास खण्ड के अर्न्तगत जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के कमांड क्षेत्र की एक मुख्य नहर–हरिपुरा फीडर के पुनर्निर्माण के दौरान निकलने वाली उत्खनित सामग्री (Excavated / Backfilling Material) की फेज–1 की नीलामी। | 4,000/– | 22.04.25 अपरान्ह 2.30 बजे तक। | 22.04.25 अपरान्ह 3.00 बजे से। | 1770/– | 50,000/– |

नीलामी से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय व वैबसाईट (*www.jamranidam.com*) पर देखी जा सकती हैं।

15/4/25
परियोजना प्रबन्धक (ए–2)

*Office Address: Office of Project Manager (A2), Jamrani Drinking Water Multipurpose Project, PIU Jamrani (UPDCC), Jamrani Colony, Damuadhunga, Haldwani, 263139, Website: www.jamranidam.com, E-mail: pma2piuj@gmail.com,*

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना

दिनांक:15.04.2025

**नियम एवं शर्तें –**

1. नीलामी प्रक्रिया नियत तिथि व समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नीलामी समिति द्वारा निष्पादित की जाएगी।
2. नीलामी में वही व्यक्ति/फर्म प्रतिभाग कर सकेंगे जिनके द्वारा नीलामी दस्तावेज प्राप्त कर उसको निर्धारित तिथि व समय तक कार्यालय में (जमानत धनराशि के साथ) जमा कर दिया है। जमानत धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी FDR के रुप में देय होगी जो **महाप्रबन्धक पी0आई0यू0 जमरानी** के पदनाम से बंधक होगी।
3. नीलामी दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय समय में नियत शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
4. नीलामी दस्तावेज का शुल्क रु0 1770/– डिमान्ड ड्राफट के रुप में (दो डिमान्ड ड्राफट रु0 1500/– एंव रु0 270/–) **महाप्रबन्धक पी0आई0यू0 जमरानी** के पदनाम से देय होगा।
5. उपरोक्त सामग्री की नीलामी "जैसा है वैसी स्थिति" में नीलाम किया जाना है।
6. नहर को तोड़ने से निकलने वाले पत्थर को नहर के पुनर्निर्माण में उपयोग किया जाना है वह इस Excavated / Backfilling Material का हिस्सा नहीं है।
7. सामग्री का आरक्षित मूल्य रु0 10.00 लाख (जी0एस0टी0 रहित) मात्र है। रु0 10.00 लाख से सबसे अधिक बोली लगाने वाले बोलीदाता को सफल घोषित किया जाएगा। सफल बोलीदाता द्वारा लगाई गई बोली का मूल्य (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) एक सप्ताह के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जाना होगा (महाप्रबन्धक पी0आई0यू0 जमरानी के पदनाम से डिमान्ड ड्राफट के रुप) जिसके उपरान्त ही सफल बोलीदाता के नाम नीलामी आदेश निर्गत होगा।
8. सामग्री को उठाने/ परिवहन पूर्व उसकी रॉयल्टी सम्बंधित व्यक्ति/ फर्म द्वारा अदा की जाएगी।
9. जिस व्यक्ति/ फर्म के नाम पर नीलामी जारी होगी उसकी जमानत धनराशि सामग्री उठाने के 1 सप्ताह के पश्चात वापस की जाएगी व शेष व्यक्ति/ फर्म की जमानत धनराशी नीलामी दिवस के तीन दिन के भीतर लौटा दी जाएगी।
10. नीलामी के दिवस पर अवकाश होने की स्थिति में नीलामी प्रक्रिया अगले कार्य दिवस पर की जाएगी।
11. नीलामी में प्रतिभाग करने से पूर्व समस्त इच्छुक व्यक्ति/ फर्म कार्यस्थल का दौरा अवश्य कर लें।
12. सशर्त नीलामी पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. नीलामी के पश्चात सम्बंधित व्यक्ति को एक माह के भीतर सामग्री उठाना आवश्यक है।
14. नीलामी दरें छह माह के लिए वैध हैं।
15. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताये इस नीलामी को प्रत्येक स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
16. भविष्य में उत्खनित सामग्री (Excavated / Backfilling Material) की नीलामी सम्बन्धी सभी जानकारियां वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जांएगी।
17. अधिक जानकारी हेतु इस कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

15.4.25

**परियोजना प्रबन्धक (ए–2)**